22. राष्ट्रीय विकास परिषद् की सिफारिश के अनुसार और केन्द्र तथा राज्य सरकारों के अनुमोदन से, उत्पादन व वितरण की एक व्यावहारिक स्कीम तैयार की गई है। इस स्कीम में सम्मिलित उपाय के रूप में उत्पादन, प्राप्ति, भंडार, परिवहन और वितरण सभी शामिल हैं। प्रस्तावित प्रणाली का अधिकांश लाभ समाज के कमजोर वर्गों को होगा। इस स्कीम का देशव्यापी कार्यान्वयन 1 जुलाई, 1979 से शुरू होगा।

23. देश के उत्तर-पूर्वी भाग की परिवहन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये छह नई रेलवे लाइनों की मंजूरी दी गई है। इनके बन जाने से इस क्षेत्र का प्रत्येक राज्य और संघ-शासित क्षेत्र रेलवे प्रणाली से जुड़ जाएगा।

24. सरकार ने 1978-79 में 7 से 8 प्रतिशत के बीच औद्योगिक वृद्धि की दर प्राप्त करने की दिशा में एक कार्यक्रम की घोषणा की। व्यापक बाढ़ों के बावजूद, जिनसे कोयला, इस्पात और रेल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र गंभीर रूप से प्रभावित हुए, इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेने की संभावना है। प्रभावी परिवीक्षण से अड़चनों पर काबू पाने में सहायता मिली और अप्रैल-नवम्बर, 1978 के दौरान वृद्धि-दर लगभग 8 प्रतिशत

रही । अगले वर्ष के लिये जिस लक्ष्य को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है वह इस वर्ष की उपलब्धि से अधिक होगा। बिजली उत्पादन की कमी इस साल औद्योगिक उत्पादन में रुकावट का कारण नहीं रह गयी है क्योंकि पिछले वर्ष की अपेक्षा अब तक लगभग 13 प्रतिशत बिजली उत्पादन अधिक हुआ है । इस्पात का कुल उत्पादन भी पिछले वर्ष की अपेक्षा 6 प्रतिशत अधिक हुआ है । उर्वरकों, वाणिज्यक वाहनों तथा अलुमिनियम का उत्पादन पिछले वर्ष के स्तर से कहीं ऊपर है । उर्वरकों, तेल और गैस, इस्पात, सीमेंट, कागज, अलुमिनियम और अन्य अलौह धातुओं जैसे कुछेक अति-महत्वपूर्ण क्षेत्रों में देश की समग्र जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार ने पहले ही एक नीति को अंतिम रूप दे दिया है ताकि हमारे आर्थिक विकास के इन बुनियादी क्षेत्रों में हमारे देश को पहले की तरह लगातार कमियों का सामना न करना पड़े। सरकार भारतीय नौवहन उद्योग की दशा पर भी चिन्तित है । उसके महत्व को देखते हुए सरकार ने सुपात्र नौवहन कम्पनियों को सहायता प्रदान करने का निर्णय किया है ताकि वे अपनी विकट वित्तीय कठिनाइयों पर काबू पा सकें। रुग्ण उद्योगों की समस्या से सामान्य रूप से निबटने के लिए सरकार ने कुछ मार्गदर्शक सिद्धान्त बनाए हैं जिनके अनुसार, पहले अपनाई गई तदर्थ नीति के स्थान पर, रुग्ण यूनिटों का अधिग्रहण विवेकपूर्वक किया जाएगा । एक उच्चाधिकार-प्राप्त छानबीन समिति ऐसे सभी प्रस्तावों की जांच करती है और उपयुक्त कार्यवाई की सिफारिश करती है ।

25. रोजगार के नए अवसर प्रदान करने में वस्त्र-उद्योग के महत्व को ध्यान में रखते हुए, अगस्त, 1978 में एक समेकित वस्त्र-नीति की घोषणा की गई थी जिसमें आम जनता की कपड़े की जरूरतों को पूरा करने और रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए हथकरघों के विकास पर बल दिया गया है। कंट्रोल के कपड़े का वितरण-प्रबंध मजबूत कर दिया गया है और सस्ते कपड़े के उत्पादन का दायित्व मुख्यतः राष्ट्रीय वस्त्र निगम को सौंप दिया गया है । चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में सूती धागे के उत्पादन में 9 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो एक रेकार्ड है। इसके बावजूद, मिल-क्षेत्र में वस्त्र का उत्पादन केवल 2 प्रतिशत बढ़ा है जो इस बात की ओर संकेत करता है कि धागे के उत्पादन का पहले से अधिक भाग विकेन्द्रीकृत क्षेत्र में बढ़े हुए उत्पादन में इस्तेमाल हुआ है । नई नीति इसी उम्मीद पर आधारित थी।

26. इस समय संसद् के समक्ष प्रस्तुत औद्योगिक संबंध विधेयक में मालिक-मजदूरों के बीच अच्छे संबंधों के प्रति एक व्यापक दृष्टिकोण निहित है । माननीय सदस्यों को इस विधेयक पर गंभीरता और तत्परता से विचार करना चाहिए ।

27. सरकार ने साक्षरता के प्रसार के अपने वायदे को पूरा करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है । अगले पांच वर्षों में 10 करोड़ प्रौढ़ निरक्षरों को शिक्षित करने के लिए एक विराट राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया गया है । अगले 10 वर्षों में प्रारंभिक शिक्षा को सर्वसामान्य बनाने के लिए भी एक कार्यक्रम चलाया गया है । इसके साथ-साथ, शिक्षा को व्यावहारिक बनाने तथा उसे लोगों के जीवन और वातावरण के साथ जोड़ने के उद्देश्य से, सभी स्तरों पर शिक्षा की विषय-वस्तु को नया रूप देने के लिए कार्यक्रम शुरू किये गये हैं । जहाँ तक महिलाओं का संबंध है, प्रौढ़ महिलाओं को शैक्षिक और व्यवसायिक निपुणता प्रदान करने के लिए व्यावहारिक साक्षरता-कार्यक्रम शुरू किये जाते हैं।

28. संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा के संकल्प के अनुसार, 1979 को अन्तर्राष्ट्रीय बाल वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है । स्कूल जाने से पूर्व की आयु के बच्चों के लिए स्वास्थ्य, पोषण, रोग-प्रतिरक्षण और शिक्षण की समेकित सेवाओं में वृद्धि करने का सरकार का विचार है । ये सेवायें प्रौढ़ महिलाओं को व्यावहारिक साक्षरता प्राप्त कराने और शिशु कल्याण कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ चलेंगी । स्वयंसेवी संगठन शिशु कल्याण कार्यक्रम आरम्भ कर सकें, इस दृष्टि से एक राष्ट्रीय बाल-कोष की स्थापना की जा रही है ।

29. कोठारी समिति और संघ लोक सेवा आयोग की सिफारिशों के अनुसार, सरकार ने परीक्षा की एक संशोधित प्रणाली को स्वीकृति प्रदान की है जिसका उद्देश्य चयन के आधार पर व्यापक बनाना है। इस प्रणाली के अन्तर्गत, पहले एक स्क्रीनिंग परीक्षा होगी और उम्मीदवारों को आठवीं अनुसूची की किसी भी भाषा को परीक्षा के माध्यम के रूप में अपनाने की छूट होगी।

30. जनसंख्या में बेहिसाब वृद्धि देश की आर्थिक उपलब्धियों को सीमित कर देती है। सरकार परिवार नियोजन कार्यक्रम को जोरदार तरीके से चलाने के के लिए कृत-संकल्प है। इस समस्या की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकारों और जनता का पूर्ण सहयोग आवश्यक है। सारे देश को ही छोटे परिवार के आदर्श को स्वीकार करना चाहिए।

31. सरकार विज्ञान-नीति संकल्प, 1958 के प्रति वचनबद्ध है। 1978--83 की योजना में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए प्रस्तावित परिव्यय 2,491 करोड़ रुपये है, जो कि पांचवीं योजना में दी गई राशि का लगभग दुगुना है। सरकार की शीघ्र ही प्रौद्योगिकी नीति पर एक वक्तव्य जारी करने क विचार है।

32. विश्व के और देशों के साथ हमारे सम्बन्धों के मामले में सरकार ने गुट-निर्पेक्षता और रचनात्मक सहयोग की नीति का दृढ़तापूर्वक अनुसरण कया है। यह बहुत संतोष की बात है कि हमारी विदेश नीति अब अधिक सराही जाती है और सभी देश इसका इस दृष्टि से सम्मान करते हैं कि यह प्रादेशिक और विश्व की शांति और सुरक्षा की प्रक्रिया में योगदान दे रही है।

33. बड़ी शक्तियों के साथ भारत के सम्बन्ध गुट-निरपेक्षता के प्रति गहरी आस्था, आपसी हित और रचनात्मक सहयोग पर आधारित हैं। जून, 1978 में प्रधान मन्त्री की वाशिंगटन यात्रा से भारत और संयुक्त राज्य अमरीका के बीच सम्बन्ध सुधरने की दिशा में प्रगति हुई है। भले ही कुछ मामलों में हमारे विचार उनके विचारों से न मिलते हों, लेकिन हमारी और अमरीका की विचारधाराओं में कई मौलिक समानतायें हैं। सोवियत संघ के साथ हमने एक दीर्घकालिक सहयोग का कार्यक्रम प्रारम्भ किया है और हमें विश्वास है कि हमारे दोनों देशों को जो अनेक सम्बन्ध-सूत्र जोड़ते हैं, वे प्रधान मन्त्री श्री कोसीगिन की इस देश की आगामी यात्रा के दौरान और भी मजबूत होंगे। इसी प्रकार प्रधान मन्त्री के यूरोपीय आर्थिक समुदाय के ब्रसेल्स स्थित मुख्यालय के दौरे से भी सौहार्द बढ़ा है। चीन के जनवादी गणराज्य के साथ हमारे सम्बन्धों के सामान्य बनाने की दिशा में भी 'पंचशील' के सिद्धान्तों के आधार पर कदम उठाये गए हैं। माननीय सदस्यों को विदेश मन्त्री की हाल की चीन यात्रा के बारे में मालूम ही है।

"33-क. चीन-वियतनाम सीमा पर अभी हाल में जो घटनाएं हुई हैं उनसे अन्तर्राष्ट्रीय शांति और स्थायित्व को जो खतरा पैदा हो गया है उससे हम गम्भीर रूप से चिन्तित हैं। लाड़ाई तत्काल बन्द होनी चाहिये और पहला कदम यह हो कि चीन की फौजें वियतनाम से हट जाएं।"

34. अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर और संयुक्त राष्ट्र संघ के सम्मेलनों में हम निरस्त्रीकरण खासतौर से आणविक निरस्त्रीकरण के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के निरस्त्रीकरण पर हुए विशेष अधिवेशन में और बाद में संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा के अधिवेशनों में भी हमने परमाणु-अस्त्र-स्थिति के आधार पर अन्तर्राष्ट्रीय शक्ति संरचना को कायम रखने की कोशिश के खिलाफ बराबर अभियान जारी रखा है। साथ ही हमने एक ऐसे कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की है जिसका पालन प्रभावी अन्तर्राष्ट्रीय नियंत्रण बनाये रखते हुए पूर्ण निरस्त्रीकरण के लक्ष्य की ओर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। हमारा यह दृढ़ विश्वास है कि निरस्त्रीकरण के प्रति वचनबद्धता मानव जाति को शान्ति, प्रगति और सद्बुद्धि के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए आवश्यक है।

35. विकसित देशों ने जो संरक्षणवादी कदम उठाये हैं उनसे सरकार गम्भीर रूप से चिंतित है। इससे देश के निर्यात पर काफी बुरा असर पड़ा है। विकसित देशों में संरक्षणवाद की बढ़ती हुई प्रवृत्ति को देखते हुए विकासशील देशों द्वारा सामूहिक आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर अधिक बल दिए जाने का महत्व स्पष्ट ही है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सरकार ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर कई बातों में पहल की है।

36. पश्चिम एशिया में स्थायी और न्यायोचित शांति की तलाश अभी जारी है। अरब लोगों के न्यायोचित पक्ष का समर्थन करने की भारत की सुसंगत नीति अपरिवर्तित है, और इसराइल द्वारा सभी अधिकृत प्रदेशों को खाली किये जाने और फिलिस्तीन के लोगों को आत्म-निर्णय तथा एक स्वतंत्र राज्य के लिए उनके अनपहार्य अधिकारों को पुन: प्राप्त कराने की समस्याओं के व्यापक समाधान के प्रति हम निरन्तर आशावान हैं। अरब जगत के साथ हमारे आर्थिक और प्रौद्योगिकीय सहयोग में गहरी और विस्तृत वृद्धि हुई है।

37. दक्षिण-पूर्व और पूर्वी एशिया और प्रशान्त महासागरीय प्रदेशों में हमने दोस्ती के मौजूदा संबंधों को बनाये रखा है और अपने देश तथा इस प्रदेश के देशों के बीच आर्थिक और प्रौद्योगिकीय सहयोग को मजबूत करना जारी रखा है। दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्र संघ के साथ बातचीत करने की दिशा में प्रयत्न आरम्भ किये गये हैं। विश्व शांति और स्थायित्व को बढ़ावा देने की दिशा में हम भारत-जापान संबंधों को जो महत्व देते हैं वह विदेश मंत्रियों के स्तर पर विचार-विमर्श की वार्षिक प्रक्रिया आरम्भ किए जाने से स्पष्ट हो जाता है।

38. अफ्रीका के देशों के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंध आर्थिक सहयोग में वृद्धि के जरिये और भी सुदृढ़ हुए हैं। दक्षिणी अफ्रीका की स्थिति अभी भी हमारे लिए चिंता का विषय बनी हुई है। नामीबिया और ज़िम्बाबवे की समस्याओं के न्यायसंगत और शांतिपूर्ण समाधान की जो उम्मीदें बंधी थीं वे जाति-भेदवादी सरकारों के संदिग्ध रुखों और पैंतरेबाजियों के कारण विफल हो गईं। फिर भी हमें इसकी पूरी आशा है कि निकट भविष्य में नामीबिया और ज़िम्बाबवे आज़ादी प्राप्त कर लेंगे। हमने दक्षिणी अफ्रीका में स्वाधीनता आन्दोलनों को नैतिक और भौतिक सहायता देना जारी रखा है।

39. समस्त विश्व में और खासकर अपने नज़दीक के पड़ोसियों के साथ हम अपनी शांति और सहयोग की नीति का पालन तो करते ही रहेंगे साथ ही हम निरन्तर प्रभावशाली सुरक्षा कटिबद्धता की स्थिति में रहने की आवश्यकता को भी पूरी तरह महसूस करते हैं। मुझे यह कहने में प्रसन्नता है कि हमारी रक्षा सेनाओं के मनोबल और प्रशिक्षण की स्थिति बहुत बढ़िया बनी हुई है। उनके उपस्कर को आधुनिक बनाने के प्रयत्न किये जा रहे हैं। इस कार्य में हमारे रक्षा उद्योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उत्तरोत्तर आत्म-निर्भरता और स्वदेशीकरण उनके प्रगामी विकास के प्रमुख लक्ष्य हैं।

40. माननीय सदस्यगण मैंने जो अभी कहा है वह इस आशा और विश्वास का पर्याप्त प्रमाण है कि यह देश एक न्यायसंगत सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ता रहेगा बशर्ते कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हम सब मिलकर कोशिश करें। दृष्टिकोण भिन्न होते हुए भी हमें अपने उद्देश्यों में एकरूपता लाने की कोशिश करनी चाहिए। साथ ही हमें चाहिए कि न हम ऐसे काम करें न ऐसी बात कहें और न ऐसे रवैये अपनाएं जो हमारे राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति में बाधक हों। राष्ट्रीय प्रयास की इस एकरूप भावना के साथ मैं इस सत्र के कार्य के लिए आपका आह्वान करता हूं और आपकी सफलता की कामना करता हूं।

जय हिन्द

श्री पी० वेंकट सुब्बैया (नन्दयाल) : अध्यक्ष महोदय मैं आप के माध्यम से प्रधान मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि वह अपने नए सहयोगियों का सभा को परिचय दें।

अध्यक्ष महोदय : ऐसा किया जायेगा। जल्दबाजी मत कीजिए।

निधन सम्बन्धी उल्लेख

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यगण आज जब हम लगभग 2 महीनों के अंतराल के पश्चात् मिल रहे हैं; मुझे दुख के साथ सभा को अपने एक साथी श्री एस० जी० मरुगयन और 6 भूतपूर्व संसद सदस्यों अर्थात् सर्वश्री ए० शंकर आल्वा, एम० एस० सुगन्धी, चन्द्रमणी लाल चौधरी, जोगेन्द्र सिंह, श्री बी० एल्ला रेड्डी तथा श्री विश्वनाथ झुनझुनवाला के दुखद निधन के बारे में सूचित करना पड़ रहा है।

श्री मुरुगय्यन तामिलनाडु के नागपट्टिनम निर्वाचन क्षेत्र से इस सभा के सदस्य थे। उनका निधन 48 वर्ष की अल्पायु में 6 जनवरी, 1979 को बहुत ही दुखद परिस्थितियों में हुआ।

एक राजनीतिक तथा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने 1961-70 के दौरान कोट्टूर के पंचायत संघ के चैयरमैन के रूप में कार्य किया। उनकी किसानों के कल्याण में अत्याधिक रुचि थी और इसीलिये 1970 से वह थंजवूर जिले की किसान सभा के सचिव रहे।

श्री ए० शंकर आल्वा वर्ष 1962—67 के दौरान तीसरी लोक सभा के सदस्य रहे। वह भूतपूर्व मैसूर राज्य के मंगलौर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे।

उन्होंने अपना जीवन एक वकील के रूप में आरम्भ किया और अपना अधिकांश समय सामाजिक कार्यों में लगाया और वे मंगलौर के नागरिक निकाय से सम्बद्ध थे। एक सर्वतोमुखी प्रतिभा सम्पन्न व्यक्ति होने के कारण उन्होंने मद्रास विश्वविद्यालय सेनेट के सदस्य, मैसूर प्रदेश निर्वाचन आयोग के सदस्य तथा दक्षिण कनारा काजू तथा काफी मजदूर संघ के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। कर्नाटक सरकार में वह सहकारिता मंत्री भी रहे। वह कई शैक्षणिक तथा खेल संगठनों से भी सम्बद्ध थे। वह स्वयं क्रिकेट के अच्छे खिलाड़ी थे और दक्षिण कनारा क्रिकेट ऐसोसियेशन के संस्थापक सदस्य थे। उनका निधन 73 वर्ष की आयु में 31 दिसम्बर, 1978 को बंगलौर में हुआ।

श्री एम० एस० सुगन्धी वर्ष 1957—62 के दौरान दूसरी लोक सभा के सदस्य रहे। वह भूतपूर्व मैसूर राज्य के वीजापुर उत्तर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे। इससे पूर्व 1937—43 के दौरान वह बम्बई विधान सभा के सदस्य रहे। उन्होंने 1940 के सत्याग्रह आन्दोलन में भाग लिया और 1940-41 तथा 1942-43 में दो बार जेल गए। एक प्रसिद्ध व्यापारी के रूप में वे लगभग पूरा दशक कर्नाटक वाणिज्य मंडल के प्रेजीडेंट रहे। वे वीजापुर में कई संगठनों तथा संस्थाओं से सम्बद्ध थे और उन्होंने कई बार वीजापुर के नागरिक निकाय में भी कार्य किया। एक संसद विद के रूप में उन्होंने अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों के लोगों की समस्याओं में गहन रुचि ली। उनका निधन 19 जनवरी 1979 को 80 वर्ष की आयु में बीजापुर में हुआ।

डा० चन्द्रमणीलाल चौधरी 1957—67 के दौरान दूसरी तथा तीसरी लोक सभा के सदस्य रहे। दूसरी लोक सभा के सदस्य के रूप में उन्होंने बिहार के हाजीपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया, जबकि तीसरी लोक सभा के दौरान उन्होंने बिहार के माहेना निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पूर्व वर्ष 1952—57 के दौरान वह बिहार विधान सभा के सदस्य रहे। 1974 में वह राज्य सभा के लिए निर्वाचित हुए और राज्य सभा के वर्तमान सदस्य थे। उन्होंने स्वतंत्रता आन्दोलन में भाग

लिया था और 1930—32 तथा 1942 में जेल गए । एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में वह अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों के लोगों के हितार्थ कार्य करने वाले कई संगठनों से सम्बद्ध थे । उनकी साहित्य में रुचि थी और इसीलिए उर्दू, हिन्दी, बंगला, अरबी तथा फारसी आदि जैसी भाषाओं में उन्होंने प्रवीणता प्राप्त कर ली थी । उनका निधन 64 वर्ष की आयु में 7 फरवरी, 1979 को मुजफ्फरपुर में दुखद परिस्थितियों में हुआ ।

सरदार जोगेन्द्र सिंह केन्द्रीय विधान सभा, संविधान सभा अस्थायी संसद, पहली तथा दूसरी लोक सभा के सदस्य थे । वर्ष 1964—71 के दौरान वह राज्य सभा के सदस्य भी रहे। 1971 में उड़ीसा के राज्यपाल के रूप में उनकी नियुक्ति हो जाने के फलस्वरूप, उन्होंने राज्य सभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया । 1977 में उन्होंने लोक सभा का आम चुनाव लड़ने के लिए राज्यपाल के पद से त्यागपत्र दे दिया । वह सिखों के एक प्रतिष्ठित नेता थे और कुछ समय के लिए उन्होंने दिल्ली सिख गुरूद्वारा बोर्ड के चैयरमैन के रूप में भी कार्य किया । वह एक सक्रिय संसदविद्, योग्य राजनीतिक तथा अच्छे प्रशासक थे । उनका निधन 76 वर्ष की आयु में 9 फरवरी, 1979 को बहराइच उत्तर प्रदेश में हुआ ।

श्री वी०येल्ला रेड्डी वर्ष 1952—57 के दौरान पहली लोक सभा के सदस्य रहे । वह आन्ध्र प्रदेश में करीमनगर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे । इससे पूर्व 1958—62 के दौरान वह आन्ध्र प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे । अप्रैल, 1964 में वे राज्य सभा के लिए निर्वाचित हुए और 1970 तक राज्य सभा के सदस्य रहे । 22 वर्ष की आयु में उन्होंने राजनीति में प्रवेश कर लिया था । और नागरिक आवरण आन्दोलन में सक्रिय भाग लिया । 1938 में उन्होंने भूतपूर्व हैदराबाद राज्य में सत्याग्रह आन्दोलन और 1941 तथा 1943 में किसान आन्दोलन में भी भाग लिया । उनका निधन 70 वर्ष की आयु में 27 दिसम्बर, 1978 को आन्ध्र प्रदेश के करीमनगर ज़िले के गल्लीपाल्ली गांव में हुआ।

श्री विश्वनाथ झुनझुनवाला पांचवी लोक सभा के सदस्य थे । वर्ष 1971—77 के दौरान उन्होंने राजस्थान के चित्तौड़गढ़ निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । वह एक प्रसिद्ध उद्योगपति तथा व्यापारी थे और मारवाड़ी राहत समिति के सदस्य भी थे । उन्होंने जनता के कल्याण में गहरी रुचि ली । उन्होंने देश में उद्योग के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया । उन्होंने अनेक देशों की यात्रा की थी । उद्योगों के बारे में ज्ञान प्राप्त करने के उद्देश्य से उन्होंने यूरोप, अमरीका, जापान, बैंकाक तथा हांगकांग का भ्रमण किया था। उनका निधन 49 वर्ष की अल्पायु में 4 फरवरी, 1979 को कलकत्ता में हुआ।

हमें अपने इन मित्रों के निधन पर गहरा शोक है और मुझे विश्वास है कि शोक सन्तप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने में यह सभा मेरा साथ देगी। अब सभा अपना शोक प्रकट करने के लिए कुछ क्षण मौन खड़ी होती है ।

(तत्पश्चात् सदस्य कुछ देर के लिए मौन खड़े रहे)

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंड हार्बर) : श्रीमान मैंने ब्रिटेन में कौमार्य परीक्षण जो कि उनकी चिकित्सा परिषद की एक धारा के अनुसार दंडनीय अपराध है, के बारे में एक प्रस्ताव की सूचना दी है . . . .

अध्यक्ष महोदय : परम्परा यह है कि जिस दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण होता है उस दिन इस तरह के किसी प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती।

श्री ज्योतिर्मय बसु : यह बहुत ही गंभीर मामला है ।

अध्यक्ष महोदय : चाहे यह कैसा भी मामला हो·····

श्री ज्योतिर्मय बसु : हम अपने देश के सम्मान पर इस तरह के होने वाले हमले को सहन नहीं कर सकते।

श्री पी० वेंकट सुब्बैया : (नन्डयाल) वियतनाम पर चीनी हमले का क्या हुआ है ? उन्होंने इस बारे में कुछ नहीं कहा है।

अध्यक्ष महोदय : प्रधान मंत्री अब नए मंत्रियों का परिचय करायेंगे।

नये मंत्रियों का परिचय

प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : मुझे आपको तथा सभा को अपने सहयोगियं का परिचय देने में अपार हर्ष है :—

श्री चरणसिंह, उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री।

श्री राम किंकर, निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री।

श्री जनेश्वर मिश्र, ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री।

श्री जगबीर सिंह, सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री।

श्री नरसिंह, पेट्रोलियम, रसायन तथा उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री।

सभा पटल पर रखे गये पत्र

नगरीय भूमि (अधिकतम सीमा और विनमियन) सातवां संशोधन नियम, 1978

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मन्त्री (श्री सिकन्दर बख्त) : मैं निम्नलिखित प्रति सभा-पटल पर रखता हूं :

नगरीय भूमि (अधिकतम सीमा और विनियमन) अधिनियम, 1976 की धारा 46 की उपधारा (3) के अन्तर्गत, नगरीय भूमि (अधिकतम सीमा और विनियमन) सातवां संशोधन नियम, 1978 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो दिनांक 18 दिसम्बर, 1978 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा० सा० नि० 580 (ङ) में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० 3220/79]

वर्ष 1977 के लिए साहित्य आकादमी, नई दिल्ली, वर्ष 1977-78 के लिए केन्द्रीय उचत्तम तिब्बती अध्ययन स्नातकोत्तर अध्यापन और अनुसंधान संस्थान, वाराणसी और वर्ष 1977-78 लिए भारतीय ऐतिहासिक अनुसन्धान परिषद् के राजस्वों के वार्षिक प्रतिवेदन

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मन्त्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) : मैं निम्नलिखित सभा-पटल पर रखता हूं।

(1) (एक) वर्ष 1977 के लिए साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति।

(दो) वर्ष 1977 के लिए साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति।
[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० 3221/79]

(2) (एक) वर्ष 1977-78 के लिए केन्द्रीय उच्चतर तिब्बती अध्ययन स्नातकोत्तर अध्यापन और अनुसंधान संस्थान, वाराणसी के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति।

(दो) वर्ष 1977-78 के लिए केन्द्रीय उच्चतर तिब्बती अध्ययन स्नातकोत्तर अध्यापन और अनुसन्धान संस्थान, वाराणसी के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति।

[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० 3222/79]

(3) (एक) भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद् के संस्था का ज्ञापन पत्र और नियमों के नियम 44(घ) के साथ पठित नियम 45 के अन्तर्गत वर्ष 1977-78 के लिए भारतीय ऐतिहासिक अनुसन्धान परिषद के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, प्रमाणित लेखे तथा उन पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन।

(दो) वर्ष 1977-78 के लिए भारतीय ऐतिहासिक अनुसन्धान परिषद् के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति।

(ग्रन्थालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० 3223/79)

30-12-78 से 31-1-79 तक

राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित अध्यादेश

संसदीय कार्य तथा श्रम मन्त्री (श्री रविन्द्र वर्मा) : मैं निम्नलिखित अध्यादेशों की एक-एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूँ।

(एक) राष्ट्रपति द्वारा 30 दिसम्बर, 1978 को प्रख्यापित उद्योग (विकास और विनियमन) संशोधन अध्यादेश, 1978 (1978 का सं० 6)।
[ग्रन्थालय में रखा गया । देखिये सं० एल० टी० 3224/79]

(दो) राष्ट्रपति द्वारा 20 जनवरी, 1979 को प्रख्यापित पंजाब आबकारी (दिल्ली संशोधन) अध्यादेश, 1979 (1979 का सं० 1) :

[ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 3225/79]

(तीन) राष्ट्रपति द्वारा 25 जनवरी, 1979 को प्रख्यापित चीनी उपक्रम (प्रबन्ध ग्रहण) संशोधन अध्यादेश, 1979 (1979 का सं० 2)।
[ग्रन्थालय में रखा गया । देखिये सं० एल टी 3226/79]

(चार) राष्ट्रपति द्वारा 31 जनवरी, 1979 को प्रख्यापित श्रमजीवी पत्रकार और अन्य समाचार-पत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें) और प्रकीर्ण उपबन्ध (संशोधन) अध्यादेश, 1979 (1979 का सं० 3)।
[ग्रन्थालय में रखा गया । देखिये सं० एल० टी० 3227/79]

भारतीय तार (दूसरा संशोधन) नियम, 1978

संचार मन्त्री (श्री ब्रजलाल वर्मा) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा-पटल पर रखता हूं :

भारतीय तार अधिनियम 1885 की धारा 7 की उपधारा (5) के अन्तर्गत भारतीय तार (दूसरा संशोधन) नियम, 1978 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो दिनांक 30 दिसम्बर, 1978 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 1552 में प्रकाशित हुये थे।

[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिये सं० एल० टी० 3228/79]

वर्ष 1976—78 के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के प्रमाणित लेखे सरकारी समीक्षा का साथ (हिन्दी संस्करण) और विलम्ब के कारण बताने वाला विवरण तथा लेखे के अंग्रेजी संस्करण एक शुद्धि-पत्र

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम किंकर) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) (एक) दिल्ली विकास अधिनियम 1957 की धारा 25 की उपधारा (4) के अंतर्गत वर्ष 1976-77 के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के प्रमाणित लेखे (हिन्दी संस्करण) @की एक प्रति तथा उन पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन।

(दो) वर्ष 1976-77 के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के लेखों पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन की सरकार द्वारा समीक्षा (हिन्दी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (7) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुये विलम्ब के कारण बताने वाला एक विवरण।

(3) वर्ष 1976-77 के लिये दिल्ली विकास प्राधिकरण के प्रमाणित लेख और लेखा परीक्षा प्रतिवेदन तथा समीक्षा के भी अंग्रेजी संस्करण का एक शुद्धि-पत्र।

[ग्रन्थालय में रखे गये। देखिये सं० एल० टी० 3229/79]

उर्वरक (लाने-ले-जाने पर नियन्त्रण) वर्ष 1978 की लेखा परीक्षा और वर्ष 1977-78 के लिए चीनी उद्योग विकास परिषद का वार्षिक प्रतिवेदन

कृषि और सिंचाई मन्त्रालय में राज्य-मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(एक) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उपधारा (6) के अन्तर्गत उर्वरक (लाने-ले जाने पर नियंत्रण) संशोधन आदेश, 1978 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो दिनांक 17 नवम्बर 1978 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं० सा० सां० नि० 556(ङ) में प्रकाशित हुआ था।

[ग्रन्थालय में रखी गई। देखिए सं० एल० टी० 32230/79]

(दो) उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 की धारा 7 की उपधारा (4) के अन्तर्गत वर्ष 1977-78 के लिये चीनी उद्योग विकास परिषद् के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति।

[ग्रन्थालय में रखी गयी। देखिये सं० एल० टी० 3231/79]

@लेखे और समीक्षा का अंग्रेजी संस्करण 19 दिसम्बर, 1978 को सभा-पटल पर रखा गया था।

सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962, केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क नियम, 1944 केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क (सोलहवां संशोधन और नियम), 1978 आदि आदि।

वित्त मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री जुल्फिकारउसलाह) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अधीन निम्नलिखित अधिसूचनाओं (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :--

(एक) सा० सां० नि० 581(ङ) जो दिनांक 18 दिसम्बर, 1978 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी और आस्ट्रियन शिलिंग को भारतीय मुद्रा में बदलने और भारतीय मुद्रा को अस्ट्रियन शिलिंग में बदलने के लिए संशोधित विनिमय दर के बारे में व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) सा० सां० नि० 588(ङ) जो दिनांक 22 दिसम्बर, 1978 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी और पौंड स्टर्लिंग को भारतीय मुद्रा में बदलने तथा भारतीय मुद्रा को पौंड स्टर्लिंग में बदलने के लिये संशोधित विनिमय दर के बारे में व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) सा० सां० नि० 591(ङ) और 592(ङ) जो दिनांक 26 दिसम्बर, 1978 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थीं और मोटरगाड़ी उद्योग के कतिपय पुर्जों पर आयात शुल्क घटाने के बारे में व्याख्यात्मक ज्ञापन ।

(चार) सा० सां० नि० 593(ङ) जो दिनांक 26 दिसम्बर, 1978 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी और ट्रांसफार्मरों और इन्डक्टरों के फेराइटस से बने सहायक पुर्जों पर आयात शुल्क के बारे में संशोधन के व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पांच) सा० सां० नि० 602(ङ) जो दिनांक 30 दिसम्बर, 1978 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी और "डिब्बा बंद चाय" की परिभाषा में संशोधन के बारे में व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(छः) सा०सां० नि० 1(ङ) जो दिनाँक 1 जनवरी, 1974 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी और कतिपय विदेशी मुद्राओं को भारतीय मुद्रा में बदलने तथा भारतीय मुद्रा को कतिपय विदेशी मुद्राओं में बदलने की विनिमय दर के बारे में व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सात) सा०सां०नि० 22(ङ) और 23 (ङ) जो दिनाँक 9 जनवरी, 1979 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थीं और कपास की कतिपय किस्मों पर निर्यात शुल्क में छूट देने के बारे में व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(आठ) सा० सां० नि० 29(ङ) और 30 (ङ) जो दिनाँक 18 जनवरी, 1979 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थीं और चाय के थैलों की मशीनों पर आयात शुल्क घटाने के बारे में व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(नौ) सा० सां० नि० 46(ङ) जो दिनाँक 27 जनवरी, 1979 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे और स्टीटाइट (टैल्क) पर निर्यात शुल्क में छूट देने के बारे में व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दस) सा० सां० नि० 53(ङ) और 54(ङ) जो दिनाँक 31 जनवरी, 1979 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी और सल्युलोस एसीटेट चादरों पतरियों पर आयात शुल्क घटाने के बारे में व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[ग्रंथालय में रखे गये। देखिये सं० एल० टी०--3232/79]

(2) केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क नियम, 1944 के अन्तर्गत जारी की गई निम्नलिखित अधिसूचनाओं (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति।

(एक) सा० सां० नि० 6(ङ) से 8 (ङ) जो दिनाँक 1 जनवरी, 1979 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी और खण्डसारी पर पूरे निर्यात शुल्क से छूट देने के बारे में व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) सा०सां० नि० 10(ङ) जो दिनाँक 4 जनवरी, 1979 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी और कांडला निर्बाध व्यापार क्षेत्र में लाये जाने वाले भट्टी के तेल और द्रवीकृत पैट्रोलियम गैस को उत्पाद-शुल्क से छूट देने के बारे में व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) सा०सां०नि० 33(ङ) जो दिनाँक 6 जनवरी, 1979 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी और पोलियामाईड (लाइलोन) धागे के उत्पादन के लिये कैप्रोलैक्टम के कथित प्रयोग की शर्तों के बारे में केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के सहायक कलेक्टर को अपनी सन्तुष्टि करने का अधिकार देने के बारे में व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) सा०सां०नि० 39 और 40 जो दिनाँक 13 जनवरी, 1979 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थीं और विशिष्ट औद्योगिक प्रक्रियाओं में उत्पाद-शुल्क योग्य वस्तुओं के कथित प्रयोग के बारे में केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क के सहायक कलेक्टर को अपनी सन्तुष्टि करने का अधिकार देने के बारे में एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।
[ग्रंथालय में रखे गये: देखिये सं० एल० टी०—3233/79]

(3) केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क और लवण अधिनियम, 1944 की धारा 38 के अधीन केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (सोलहवाँ संशोधन) नियम, 1978 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति जो दिनाँक 28 दिसम्बर, 1978 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 597 (ङ) में प्रकाशित हुए थे।
[ग्रंथालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 3234/79]

(4) तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (सम्पत्ति का जब्त किया जाना) अधिनियम, 1976 की धारा 26 की उपधारा (3) के अधीन तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (जब्त सम्पत्ति के लिए अपीलीय प्राधिकरण) संशोधन नियम, 1978 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो दिनाँक 13 जनवरी, 1979 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सां० आ० 27 (ङ) में प्रकाशित हुए थे।
[ग्रंथालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०—3235/79]

(एक) स्वर्ण (नियंत्रण) अधिनियम, 1968 की धारा 114 की उपधारा (3) के अन्तर्गत स्वर्ण नियंत्रण (प्रपत्र, फीस और प्रकीर्ण मामले) तीसरा संशोधन नियम, 1978 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो दिनाँक 7 नवम्बर, 1978 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं० सां० आ० 736 (ङ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) उपर्युक्त अधिसूचना को सभा पटल पर रखने में हुये विलम्ब के कारण बताने वाला एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)
[ग्रंथालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० –3236/79]

(6) सामान्य बीमा व्यापार (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1972 की धारा 17 के अन्तर्गत, सामान्य बीमा (अधिकारियों के वेतनमानों और सेवा की अन्य शर्तों का युक्तियुक्तकरण) चौथा संशोधन

स्कीम, 1978 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो दिनाँक 6 जनवरी, 1979 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सां० मा०आ० 5 में प्रकाशित हुई थी।

[ग्रंथालय में रखी गयी। देखिये संख्या सं० एल०टी—3237/79]

(7) सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1976 की धारा 7 की उपधारा (3) के अन्तर्गत निम्न-लिखित अधिसूचनाओं (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक एक प्रति:—

(एक) सां०सां०नि० 21 (ङ) जो दिनाँक 9 जनवरी, 1979 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा कपास पर निर्यात शुल्क में वृद्धि के बारे में एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) सां०सां०नि० 34 (ङ) जो दिनाँक 20 जनवरी, 1979 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा हल्दी पर निर्यात शुल्क लगाये जाने के बारे में एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।
[ग्रंथालय में रखी गयी। देखिये संख्या एल० टी० —3238/79]

रेलवे अभिसमय समिति

पांचवां प्रतिवेदन

श्री कृष्ण कान्त : (चंडीगढ़) : मैं वर्ष 1978-79 और 1979-80 के लिए लाभांश की दर और अन्य आनुषंगिक विषयों संबंधी रेलवे-अभिसमय समिति का पाँचवाँ प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं।

चीनी उपक्रम (प्रबन्ध ग्रहण) संशोधन विधेयक

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : मैं चीनी उपक्रम (प्रबन्ध ग्रहण) अधि-नियम, 1978 का संशोधन करने वाले विधेयक को प्रस्तुत करने की अनुमति का प्रस्ताव करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है:—

"कि चीनी उपक्रम (प्रबन्ध ग्रहण) अधिनियम, 1978 का संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूं।

चीनी उपक्रम (प्रबन्ध ग्रहण) संशोधन अध्यादेश के बारे में विवरण

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : मैं चीनी उपक्रम (प्रबन्ध ग्रहण) संशोधन अध्यादेश, 1979 द्वारा तुरन्त विधान बनाये जाने के कारण बताने वाला एक व्याख्यात्मक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

[ग्रंथालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०—3239/79]

श्रमजीवी पत्रकार तथा अन्य समाचार -पत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें) और प्रकीर्ण उपबन्ध संशोधन विधेयक

संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा) : मैं श्रमजीवी पत्रकार तथा अन्य समाचार पत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें) और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1955 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति का प्रस्ताव करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :—

"कि श्रमजीवी पत्रकार तथा अन्य समाचार पत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें) और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1955 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरः स्थापित करने की अनुमति दी जाये।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

श्री रवीन्द्र वर्मा : मैं विधेयक पुरः स्थापित करता हूं।

श्रमजीवी पत्रकार तथा अन्य समाचार-पत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें) और प्रकीर्ण उपबन्ध संशोधन अध्यादेश के बारे में विवरण

संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा) : मैं श्रमजीवी पत्रकार तथा अन्य समाचार पत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें) और प्रकीर्ण उपबन्ध (संशोधन) अध्यादेश, 1979 द्वारा तुरन्त विधान बनाये जाने के कारण बताने वाला एक व्याख्यात्मक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं। [ग्रंथालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 3240/79]

अध्यक्ष महोदय : आज की कार्य सूची पूरी हो गई है। सभा अब कल 11 बजे तक के लिए स्थगित होती है।

मध्याह्न पश्चात् 12.54 बजे

इसके पश्चात् लोक सभा मंगलवार, 20 फरवरी, 1979/30 माघ, 1900 (शक) के 11 बजे तक के लिए स्थगित हुई।

MGIPRRND—IV—39 LSS 78—7-4-79—210